विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/पात्रता/2020/809 — दिनांक :29/07/2020

प्रति,

प्राचार्य/निदेशक/विभागाध्यक्ष,
समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय/समस्त अध्ययनशालाऐं,
विक्रम विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र।

विषय :– ऑनलाईन पात्रता प्राप्त करने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत विद्यार्थियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाईन पात्रता (Eligibility) प्रक्रिया एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से की जावेगी। सम्बन्धित विद्यार्थी एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से पात्रता हेतु आवेदन प्रस्तुत करें। उसके उपरांत वे नामांकन एवं परीक्षा फार्म ऑनलाईन जमा करवा सकेगे।

समस्त अध्ययनशालाएं, संस्थान महाविद्यालय अपने एम.पी. ऑनलाईन के G2G लॉगिन पर उपलब्ध पात्रता संबंधी प्राप्त ऑनलाईन आवेदन परीक्षण उपरान्त विश्वविद्यालय को अनुशंसा सहित अग्रेषित करेंगे। उक्त जानकारी सूची के आधार पर आगामी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उक्त अनुमोदित प्रकरणों पर पृथक से पात्रता प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया जावेगा।

विश्वविद्यालय को एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त होने वाले पात्रता आवेदनों पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया जा कर ऑनलाईन के माध्यम से उनकी पात्रता निर्धारित कर दी जाती है। जिसकी समस्त जानकारी सम्बन्धित महाविद्यालय के एम.पी.ऑनलाईन के पोर्टल अकाउन्ट पर तत्समय उपलब्ध रहती है।अनुमोदित पात्रता की समस्त सूची ऑनलाईन(पात्रता) विभाग,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन में जमा करावे।

पात्रता संबंधी ऐसे प्रकरण जिन्हें विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम दृष्टया ऑनलाईन के माध्यम से अनुमोदित नहीं किया गया है। ऐसे प्रकरण संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य अपनी टीप के साथ पृथक से विश्वविद्यालय को प्रेषित करें एवं अनुमोदन उपरांत पात्रता प्राप्त विद्यार्थी ही संबंधित परीक्षा में प्रविष्ठ होने की अर्हता रखेंगे।

प्राचार्यगण कृपया तदनुसार विद्यार्थियों को सूचित करें एवं उक्त सूचना को सूचना पटल पर भी अनिवार्य रूप से चस्पा करने का कष्ट करें।

आदेशानुसार

कुलसचिव

दिनांक 29/07/2020

क्रमांक/अकादमिक/पात्रता/2020/810

प्रतिलिपि :–

01. विभागाध्यक्ष/निदेशक, समस्त अध्ययनशालाऐं/संस्थान, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
02. प्राचार्य, समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय विक्रम विश्वविद्यालय,परिक्षेत्र।
03. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. उप/सहायक कुल सचिव, परीक्षा/गोपनीय/लेखा विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर/वेबसाईट की ओर प्रेषित कर सूचित है कि,उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।
06. कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन। की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव(अकादमिक)